उत्तर प्रदेश और गुजरात में सी-डॉट एक्सचेंजों का कार्यकरण

*312. **श्री रामसिंह राठवा:**
श्री ईशदत्त यादव:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश और गुजरात में किन-किन स्थानों पर सी-डॉट 512 बोर्ड/एक्सचेंज कार्य कर रहे हैं;

(ख) क्या सरकार वर्ष 1993-94 के दौरान इन राज्यों में ऐसे और बोर्ड/एक्सचेंज स्थापित करने का विचार रखती है;

(ग) यदि हां, तो उसका जिले-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) ये बोर्ड/एक्सचेज कब तक स्थापित किये जाने की संभावना है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट): (क) ब्यौरे विवरण I में दिए गए हैं। [नीचे देखिए]

(ख) जी हां।

(ग) ब्यौरे संलग्न विवरण II में दिए गए हैं। [नीचे देखिए]

(घ) संसाधनों तथा उपस्कर उपलब्ध होने पर मार्च, 1994 तक।

विवरण-I

उन स्थानों के ब्यौरे जहां सी-डॉट 512 बोर्ड/एक्सचेंज कार्य कर रहे हैं

		स्थानों के नाम
एक	उत्तर प्रदेश	1. श्रीनगर
		2. सरधना
		3. काशीपुर
		4. सैदपुर
		5. बिलासपुर
		6. खमरिया
		7. शाहगंज
दो	गुजरात	1. वाडनगर
		2. वडाली

विवरण-II

वर्ष 1993-94 के लिए आयोजित सी-डॉट 512 बोर्ड/एक्सचेंजों के जिलेवार ब्यौरे

		जिला	आयोजित एक्सचेंजों की संख्या
एक	उत्तर प्रदेश	अलीगढ़	2
		देहरादून	2
		महाराजगंज	1
		सिद्धार्थनगर	1
दो	गुजरात	अमरेली	3
		अहमदाबाद	2
		बनासकांठा	1
		भावनगर	2
		जामनगर	2
		खेडा	2
		मेहसाना	3
		राजकोट	1
		सूरत	4
		कच्छ (भुज)	1
		बड़ोदरा	1

स्वर्ण नियंत्रण नीति का उदार बनाया जाना

*313. **श्री अजीत जोगी:**
श्री छोटूभाई पटेल:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने स्वर्ण नियंत्रण नीति को और अधिक उदार बना दिया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) इसका स्वर्ण मूल्य पर क्या प्रभाव पड़ा है;

(घ) क्या सरकार ने स्वर्णाभूषण निर्यात हेतु आयात किए जाने वाले सोने पर सीमा शुल्क भी हटा लिया है; और